मुझको श्याम धणी का प्यार चाहिए | By Kumaar Mukesh

न धन दौलत कोठी बँगला कार चाहिए
मुझको तो खाटू वाले का दीदार चाहिए
मुझको तो मेरे श्याम धणी का प्यार चाहिए

सबकी बिगड़ी बनाने वाला हारे का है सहारा
मेरे श्याम धणी के दर का ऐसा गज़ब नज़ारा
अब और किसी भी दर की ना दरकार चाहिए
मुझको तो खाटू वाले का दीदार चाहिए
मुझको तो मेरे श्याम धणी का प्यार चाहिए

बरसो से मैं ढूंढ रहा हूँ आन मिलो मेरे बाबा
कब होगी मुझ पर भी कृपा दरस दिखा दो बाबा
दर्शन के प्यासे नैना को दीदार चाहिए
मुझको तो खाटू वाले का दीदार चाहिए
मुझको तो मेरे श्याम धणी का प्यार चाहिए

मुझको प्यारी लागे भूमि बाबा खाटू धाम की
लागी लगन है मुझको बाबा बस तेरे ही नाम की
चरणों में तेरे चाकरी दिन रात चाहिए
मुझको तो खाटू वाले का दीदार चाहिए
मुझको तो मेरे श्याम धणी का प्यार चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%9a/